जिला संघों के लिए प्लेयर्स निबंधन और टीम लिस्ट के सम्बन्ध में अति आवश्यक सूचना

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन से सम्बद्ध सभी जिला क्रिकेट एसोसिएशन को सूचित करना है कि अंतर जिला प्रतियोगिता के लिए सम्बंधित जिला संघ अपने टीम लिस्ट एवं प्लेयर्स रजिस्ट्रेशन हेतु नाम बीसीए कार्यालय को प्रेषित करने से पहले अनिवार्य रूप से निम्न बिन्दुओं को सुनिश्चित कर लें।

1. प्रेषित/ अनुशंसित करने से पूर्व प्लेयर्स द्वारा समर्पित सभी कागजातों की जांच सूक्ष्मता से कर लिया जाना आवश्यक है।
2. प्लेयर्स द्वारा समर्पित कागजात अथवा सूचनाएं गलत / भ्रामक / दोषपूर्ण / संदेहास्पद पाए जाने की स्थिति में सम्बंधित प्लेयर के नाम की अनुशंसा या टीम लिस्ट में उनका नाम शामिल नहीं किया जाये और न बीसीए को अग्रसारित किया जाये।

बार-बार विभिन्न सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमो से यह सूचना मिलती रही है कि बिहार राज्य के बाहर के खेलाड़ी फर्जी कागजात बना कर बिहार से खेलने का प्रयास करते है, जिसके बारे में समय-समय पर जिला क्रिकेट संघो को उचित माध्यम से हिदायत दी जाती रही है। पुनः सभी जिला क्रिकेट संघो को सख्त हिदायत दी जा रही कि किसी भी परिस्थिति में बिहार राज्य के बाहर के प्लेयर को जिला के टीम लिस्ट में शामिल नहीं किया जाये और न बीसीए को अग्रसारित किया जाये। प्लेयर्स द्वारा समर्पित कागजात अथवा सूचनाओं के गलत पाए जाने पर सम्बंधित प्लेयर के विरुद्ध बीसीसीआई/बीसीए के नियमानुसार कारवाई की जाएगी। साथ ही सम्बंधित जिला क्रिकेट संघ की संलिप्तता पाए जाने की स्थिति में बीसीए द्वारा सम्बंधित जिला संघ के विरुद्ध भी अनुशासनातम्क करवाईं करना बाध्यकारी होगा।

राकेश कुमार तिवारी

अध्यक्ष

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन